दिनांक 7 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश से पहले नालों की हो रही सफाई, सफाई कर्मचारी सहित मशीनों से हो रही सफाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई की जा रही है! महापौर एवं विधायक भिलाई नगर श्री देवेंद्र यादव ने बारिश से पूर्व बड़े एवं छोटे नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं! जिस पर निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए नालों की सफाई के लिए अभियान चलाने के लिए आदेशित किया है! प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि कोसा नगर रेलवे स्टेशन से गांधीनगर माइलस्टोन के पीछे तक एवं सूर्य विहार कॉलोनी तक लगभग ढाई किलो मीटर के नाला को चैन माउंटेन के सहारे सफाई कराया जा रहा है वही बड़े चैन माउंटेन का उपयोग बड़े नालों में किया जा रहा है तथा नाला का आकार छोटा होने पर छोटे चैन माउंटेन लगाकर सफाई किया जा रहा है , जहां आवश्यकता अनुरूप सफाई कर्मचारियों से भी सफाई कराई जा रही है! संजय नगर लक्ष्मी नगर मार्केट होते हुए सुपेला पुलिस थाना में नाला के लगभग डेढ़ किलोमीटर तक के क्षेत्र में सफाई कार्य किया जा रहा है जो कि 3 से 4 दिनों में पूर्ण हो जाएगी! मौर्य टॉकीज चौक से सुधीर एक्सरे होते हुए सुपेला चौक से टाटा मोटर्स रोड तक 900 मीटर क्षेत्र में फैले नाला की सफाई एक दफे की जा चुकी है जिसे फिर से सफाई किया जा रहा है , अर्जुन नगर नाला कैंप 1 तालाब से गौरव पथ पुलिया तक लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र मे पहले नाला को रविवार से सफाई का कार्य प्रारंभ किया जाएगा! जेपी नगर तालाब से जयंती गार्डन एवं जयंती गार्डन से गौरव पथ तक बड़ा नाला को सोमवार से सफाई शुरू किया जाएगा! तेल्हा नाला शिवाजी नगर रेलवे लाइन से जी इ रोड से आईटीआई होते हुए बाबा बालक नाथ मंदिर होते हुए करुणा अस्पताल तक का लगभग 3 किलोमीटर में फैले नाला का सफाई कार्य लगभग 2 किलोमीटर तक खुर्सीपार वार्ड 29 से 36 के बीच बापू नगर के पीछे की सफाई की जा चुकी है! रिसाली वीआईपी नगर से आखरी छोर दया नगर तक सफाई कर्मचारियों द्वारा नाला की सफाई की जा रही है! वार्ड 17 एवं 18 में अर्जुन नगर नाला को छोटी चैन माउंटेन लगाकर सफाई की जावेगी! वार्ड 5 पीली मिट्टी के समीप नाला में 40 सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की जा रही है! जोन 2 अंतर्गत वार्ड 16 में नाला की सफाई 25 सफाई श्रमिकों द्वारा की जा रही है! बरसात में पानी न रुके इसलिए इन सभी बड़े नालों की सफाई की जा रही है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!